Regarding need to provide financial assistance to flood affected areas in Tonk and Sawai Madhopur districts in Rajasthan- Laid

श्री हरीश चंद्र मीना **(टोंक-सवाई माधोपुर) :** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के टोंक और सवाई माधोपुर जिले में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए गंभीर नुकसान की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । पिछले मानसून के दौरान हुई भारी वर्षा ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा दी। इन क्षेत्रों में हजारों घर टूट गए, किसानों की फसलें बह गईं, पुल-पुलियायें क्षतिग्रस्त हुईं और बिजली-पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएँ ठप्प हो गईं । मैं स्वयं प्रभावित गांवों का दौरा कर पीड़ा और नुकसान की गंभीरता को प्रत्यक्ष रूप से देख चुका हूँ । लोग अब भी पुनर्वास, राशन, दवाइयों और आजीविका के संकट से जूझ रहे हैं । इसलिए मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि टोंक और सवाई माधोपुर जिलों को विशेष रूप से आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए और तत्काल विशेष आर्थिक पैकेज जारी किया जाए । यह पैकेज केवल राहत वितरण तक सीमित न रहकर कृषि क्षेत्र की पुनर्बहाली, क्षतिग्रस्त सड़कों, स्कूल भवनों, अस्पतालों के पुनर्निर्माण तथा ग्रामीण परिवारों की जीविका पुनर्स्थापना के लिए पर्याप्त सहायता सुनिश्चित करे । अत: मेरा सरकार से निवेदन है कि मेरे क्षेत्र की बाढ़ पीड़ित जनता को शीघ्र मदद पहुँचाने हेतु तत्काल विशेष वित्तीय सहायता प्रदान कर इन जिलों की पुनर्बहाली में निर्णायक कदम उठाए जाएं ।